कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0: 609/शैक्षिक/पंजीयन/2023 दिनांक : 04/09/2023

:: कार्यालय ज्ञाप ::

शैक्षिक सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0, बी0टेक0 (लेटरल इंट्री) पाठ्यक्रम में नव प्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं के पत्राजातों का भौतिक सत्यापन एवं फाइलिंग दिनांक 11.09.2023 से 16.09.2023 के मध्य निम्नलिखित विवरण के अनुसार किया जायेगा।

अतः बी0टेक0 प्रथम वर्ष में प्रवेशित एवं बी0टेक0 (लेटरल इंट्री) द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्राप्त छात्र/छात्राऐं अपना रजिस्ट्रेशन फार्म Student ERP से डाउनलोड करते हुये वॉछित अभिलेखों के साथ निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार विश्वविद्यालय स्थित **'राधाकृष्णन सभागार'** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

दिनांक	कक्ष / समय	विधावार
11.09.2023	राधाकृष्णन सभागार 11:00 से 02:00 बजे	इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 एवं बायोकेमिकल इंजी0
12.09.2023		मैकेनिकल इंजी0, प्लास्टिक टेक0 एवं आयल टेक0
13.09.2023		फूड टेक0 एवं पेन्ट टेक0
14.09.2023		केमिकल इंजी0 एवं सिविल इंजी0
15.09.2023		इलेक्ट्रिकल इंजी0 एवं लेदर टेक0
16.09.2023		कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 एवं इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी

रजिस्ट्रेशन फार्म के साथ वॉछित अभिलेखों का विवरण निम्नवत् है–

1. ट्रान्सफर सर्टिफिकेट (टी0सी0)/ माइग्रेशन सर्टिफिकेट एवं चरित्र प्रमाण पत्र (अन्य किसी विश्वविद्यालय में अध्ययन कर चुके छात्रों के प्रकरण में)–(मूल प्रति अनिवार्य रूप से)।
2. JEE Mains-2023 की काउन्सिलिंग में दिया गया एलॉटमेन्ट लेटर (स्वसत्यापित छायाप्रति)।

   अथवा

   PMSSS के नामित अभ्यर्थियों के प्रकरण में जारी एलॉटमेन्ट लेटर (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
3. बी0टेक0 प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
4. बी0टेक0 (लेटरल इंट्री) में प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं डिप्लोमा) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
5. OBC/SC/ST/EWS प्रमाण पत्र की स्वसत्यापित छायाप्रति।
6. निवास प्रमाण पत्र (उत्तर प्रदेश के बाहरी छात्रों हेतु) की स्वसत्यापित छायाप्रति।
7. आधार कार्ड की छाया प्रति।
8. प्रमाणपत्र की छायाप्रति।
9. चिकित्सा प्रमाण पत्र।
10. गैप (Gap) प्रामण पत्र।

14.09.2023

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को संज्ञानार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे विभागीय सूचनापट्ट पर छात्रों के सूचनार्थ प्रदर्शित कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे छात्रावासों के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बन्धित कर्मी को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. सिविल रखरखाव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित की 'राधाकृष्णन सभागार' की साफ–सफाई आदि कराने का कष्ट करें।
5. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
6. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप